वर्ष: 02 अंक: 03

आयोग की मासिक पत्रिका

एक कदम पारदर्शिता की ओर

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

न्यूजलेटर - अगस्त - 2022



## National Commission For Scheduled Castes

5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,
New Delhi-110 003

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
## न्यूजलेटर

वर्षः 02 अंकः 03 अगस्त 2022

**संपादक**
राजेश रंजन सिंह

ई–मेल : singh.rr9@gmail.com
@srajeshranjan

यह काफी हर्ष का विषय है कि बीते 15 अगस्त को देश की स्वाधीनता के 75 वर्ष पूरे हुए। आजादी के अमृत महोत्सव के जश्न के बीच आयोग की मासिका पत्रिका का लगातार प्रकाशन किया जा रहा है। इस अंक में भी हमने आयोग द्वारा अनुसूचित जाति आरक्षण नीति का कार्यान्वयन के लिए समीक्षा बैठक, राज्य कार्यालयों में मामलों की सुनवाई, मुख्यालय में कार्य कुशलता बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों, गंभीर मामलों में स्थलीय निरीक्षण, सोशल मीडिया के जरिए अनुसूचित जाति के लोगों के साथ होने वाली घटनाओं पर मांगी गई रिपोर्ट्स को शामिल किया है। बीते माह कई गंभीर मामले घटित हुए, जिनमें आयोग ने संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई की। आयोग की कोशिश है कि इन सभी मामलों की जानकारी आम लोगों तक भी पहुंचती रहे, इसी को ध्यान में रखते हुए मासिक पत्रिका का प्रकाशन जारी है। आपका यह सहयोग आगे भी मिलते रहे, इसकी हम अपेक्षा करते हैं।

धन्यवाद

(संपादक)

**किसी भी प्रकार के सुझाव और शिकायतों के लिये संपर्क करें:**
**011 - 24620435 & 24606802**

**राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग**
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
**भारत सरकार**

5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,
New Delhi - 110003

**website: http://ncsc.nic.in**

ऑनलाइन शिकायत यहां दर्ज करें:
**https://ncsc.negd.in/**

## National Commission for Scheduled Castes



**SHRI VIJAY SAMPLA**
**CHAIRMAN**



**SHRI ARUN HALDER**
**VICE CHAIRMAN**



**DR. ANJU BALA**
**MEMBER**



**SHRI SUBHASH RAMNATH PARDHI**
**MEMBER**




@NCSC_GoI  @NCSC.GoI  @ncsc_goi

# माननीय अध्यक्ष का संदेश



SHRI VIJAY SAMPLA
CHAIRMAN

बीते 15 अगस्त को हमने अपनी स्वाधीनता के 75 वर्ष पूरे किए। ऐसे में यह काफी हर्ष का विषय है कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका के चौदह अंक प्रकाशित किए जा चुके हैं। इस बार पंद्रहवां अंक प्रकाशित किया जा रहा है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका के पंद्रहवें अंक के विमोचन के लिए यह संदेश लिखते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। आयोग लगातार अनुसूचित जाति के लोगों को न्याय दिलाने के लिए देश के विभिन्न राज्यों में स्थलीय निरीक्षण से लेकर आयोग मुख्यालय में जनसुनवाई तक कर रहा है।

आयोग का फोकस सिर्फ और सिर्फ अनुसूचित जाति के लोगों को न्याय दिलाने पर है। इसे पूरा करने के लिए आयोग की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। आयोग ने अगस्त माह में दौरान कई राज्यों का आधिकारिक दौरा कर संस्थानों व संभागों में अनुसूचित जाति वर्ग की आरक्षण नीति के क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें की हैं।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग समाज के हाशिये पर खड़े वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और आयोग का प्रयास रहेगा कि दूरस्थ गांव से लेकर शहर तक के प्रत्येक अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव या अन्याय न होने पाए।

मासिक पत्रिका के जरिए हमारी कोशिश रहती है कि लोगों तक आयोग द्वारा लिए गए फैसलों और गतिविधियों के बारे में जानकारी समय-समय पर पहुंचती रही। आयोग ठीक से काम करता रहे, इसके लिए आशा है कि आपका सहयोग मिलता रहेगा।

जय हिंद !

सादर धन्यवाद

**विजय सांपला**

अध्यक्ष,
राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

# समीक्षा बैठक




## राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा में राजस्थान में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण नीति के कार्यांवयन की समीक्षा बैठक की गई। राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री व विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ आयोग की हुई एस राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन जयपुर में किया गया। इस समीक्षा बैठक में राज्य में अनुसूचित जाति के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बनी आरक्षण नीति की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस समीक्षा बैठक के लिए आयोग का एक दल दो दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचा था। इस दल की अगुवाई आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला ने की। इस दौरान आयोग के माननीय उपाध्यक्ष श्री अरूण हालदार, माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला व माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में आयोग के संयुक्त सचिव श्री ज्ञानेश्वर कुमार सिंह, निदेशक श्री कौशल कुमार, निदेशक (सलाहकार) श्री अजित कुमार साहू व अवर सचिव श्री किशन चंद भी मौजूद रहे।



## स्थलीय निरीक्षण



# महिला शिक्षिका को जिंदा जलाने मामले में आयोग का स्थलीय निरीक्षण

राजस्थान के जयपुर ग्रामीण इलाके के रायसर थाना इलाके में अनुसूचित वर्ग की एक महिला शिक्षिका को जिंदा जलाने के सनसनीखेज मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला जी ने स्थलीय निरक्षण कर पीड़ित परिवार से भेंट की।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जयपुर के रायसर गांव में 10 अगस्त सुबह आठ बजे रैगरों के मोहल्ले में रहने वाली शिक्षिका अपने बेटे को लेकर स्कूल जा रही थी, तभी कुछ लोगों के समूह ने शिक्षिका को घेर लिया और पेट्रोल डालकर शिक्षका को लगा दी। अस्पताल में पीड़ित की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोप है कि उधार दिए गए रुपये मांगने पर आरोपियों ने उसे आग लगा दी थी।

इस मामले को बेहद गंभीर मानते हुए आयोग का एक दल माननीय अध्यक्ष की अगुवाई में स्थलीय निरीक्षण के लिए पहुंचा और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।



अखिल राजस्थान अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी होने पर नाराजगी जताते हुए श्री विजय सांपला जी को अपनी व्यथा से अवगत करवाया।

# समीक्षा बैठक




# आरक्षण नीति जांच के लिए बैंकों की समीक्षा बैठक

---

बैंकों में अनुसूचित जाति वर्ग हेतु आरक्षण नीति के कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का एक दल दो दिवसीय दौरे पर चेन्नई पहुंचा। इस दौरान माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला जी की अगुवाई में इस दल ने इंडियन बैंक और इंडियन ओवरसिज बैंक की समीक्षा बैठक की। इस दौरान आयोग के माननीय उपाध्यक्ष श्री अरूण हालदार, माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला व माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में आयोग के संयुक्त सचिव श्री ज्ञानेश्वर कुमार सिंह, उपनिदेशक श्री संदेश सक्सेना, निदेशक श्री कौशल कुमार, निदेशक (सलाहकार) श्री अजित कुमार साहू व अवर सचिव श्री किशन चंद व जितेंद्र सिहवाग भी मौजूद रहे।



# स्थलीय निरीक्षण



## तीन लोगों की हत्या मामले की होगी मुख्यालय में सुनवाई

कोलकाता के कैनिंग में अनुसूचित जाति के तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी गई। इस मामले का संज्ञान लेते हुए माननीय उपाध्यक्ष श्री अरुण हालदार ने घटनास्थल का दौरा किया। साथ ही राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के राज्य कार्यालय में पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिले और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इन परिवारों को न्याय दिलाने के लिए जल्द ही नई दिल्ली स्थित आयोग मुख्यालय में माननीय अध्यक्ष द्वारा मामले की सुनवाई की जाएगी।

## अंतिम संस्कार करने गए लोगों पर हमला, आयोग की सख्ती

उत्तर प्रदेश के बदायूँ जनपद में गंगा घाट पर अंतिम संस्कार करने गए वाल्मीकि समाज के लोगों पर किये गये हमले के मामले में आयोग ने संज्ञान लिया। आयोग का एक दल माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला की अगुवाई में पीड़ित परिवारों से मिलने पीड़ितों के गांव नूरपुर पहुंचा। माननीय सदस्या ने मामले की जानकारी ली और अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। आयोग के दल ने घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण भी किया।





## पिटाई से हुई बच्चे की मौत, आयोग ने कड़ी कार्रवाही के दिए निर्देश

राजस्थान के जालोर में शिक्षक की पिटाई से एक नौ साल के अनुसूचित जातिवर्ग के बच्चे की मौत की घटना का आयोग ने स्वत: संज्ञान लिया। माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी की अगुवाई में आयोग के एक दल ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार से भी भेंट की और प्रशासनिक अधिकारियों को उचित धाराओं के अंतर्गत पूर्ण न्यायिक जांच करने एवं दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।



# कोल इंडिया के प्रतिनिधियों ने बताई अपनी समस्याएं

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय उपाध्यक्ष श्री अरुण हालदार ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता स्थित कोल भवन में कोल इंडिया एससीएसटी वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने प्रतिनिधियों से उनकी समस्याओं को जाना। माननीय उपाध्यक्ष ने समस्याओं को दूर कराने के लिए भरोसा दिलाया।

---

# आयोग के दल ने किया बिहार का दौरा

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला ने बिहार के किशनगंज जिले का दौरा किया। इस दौरे के दौरान जिला प्रशासन के सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की समस्याओं एवं उनके समाधान करने हेतु निर्देशित किया।




---



# अजमेर में संभागीय समीक्षा बैठक

आरक्षण नीति को लागू करने को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा राजस्थान के अजमेर में संभागीय समीक्षा बैठक की गई। इस समीक्षा बैठक की अगुवाई आयोग के माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी ने किया। इस अवसर पर अजमेर संभागीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया में आयोग


Instagram
Search
Log In
Sign Up
ncsc_goi
Follow
745 posts
565 followers
8 following
NCSC
Official handle of National Commission for Scheduled Castes. For registering complaints, please write to us at complaint@ncsc.gov.in
ncsc.nic.in
POSTS
VIDEOS
TAGGED
National Commission for Scheduled Castes
1.8K followers • 2 following
Intro
Official handle of National Commission for Scheduled Castes. For registering complaints, please write
Page · Government organisation
1800 11 8888
complaint@ncsc.gov.in
ncsc.nic.in
Photos
See All Photos
Home
Explore
Communities
Notifications
Messages
Bookmarks
Profile
More
Tweet
National Commission for Scheduled Castes
1,335 Tweets
Following
National Commission for Scheduled Castes
@NCSC_GoI
Official handle of National Commission for Scheduled Castes. For registering complaints, please write to us at ncsc.negd.in
New Delhi, India
ncsc.nic.in
Joined March 2021
30 Following
8,061 Followers
Tweets
Tweets & replies
Media
Likes
#Review meeting by National Commission for Scheduled Castes on implementation of #reservation policy for #Scheduled_Castes in IDBI Bank Ltd at #Mumbai on 01.07.2022 . #NCSC #IDBIBANK
#राष्ट्रीय_अनुसूचित_जाति_आयोग #article338 #ScheduledCastes
@thevijaysampla @IDBI_Bank
Search Twitter
You might like
Dalit Times
@DalitTime
Government of Raj...
@RajGovOfficial
District Collectors ...
@DCsofIndia
Follow
Show more
What's happening
Rocketry: The Nambi Effect releases in theatres
#ItsHYTime
Self-Charging Hybrid Electric SUV. Unveiling at 10:45 AM
Promoted by Toyota India
Justice Kant
15.6K Tweets
Rajesh Ranjan Singh
@SRajeshRanjan
Messages



आयोग के नई दिल्ली कार्यालय में अधिकारियों व प्रार्थी की उपस्थिति में एक मामले की सुनवाई करते हुए माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला जी।



माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला जी अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए विधि व्यवसायियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों के साथ बैठक करते हुए।


**National Commission For Scheduled Castes**

**5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,**
**New Delhi-110 003**